Title: Need to allocate funds to complete the remaining part of gauge conversion work of Sholapur to Gadak in Karnataka.

श्री बसनगौडा रामनगौड (यत्नाल) पाटिल (बीजापुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मुझे बोलने का मौका देने के लिए धन्यवाद। मेरे संसदीय क्षेत्र में शोलापुर से गदक तक गेज परिवर्तित करने का जो काम चल रहा था, वह शोलापुर तक पूरा हो गया है। गदक तक काम करना बाकी है। इसके लिए 133 करोड़ 40 लाख रुपए चाहिए, लेकिन 2000-2001 के बजट में सिर्फ 10 करोड़ रुपए रखे गए हैं। 6.4.2000 को सिकन्दराबाद में एक रिव्यू मीटिंग में 10 करोड़ रुपए में से पांच करोड़ रुपए शोलापुर यार्ड में डाइवर्ट कर दिए गए। इस कारण बीजापुर में काम स्थगित हो गया है। बीजापुर, गदक, शोलापुर और बागलकोट चार जिले हैं और पर्यटन स्थल भी हैं। 2000-2001 के बजट में इसके लिए 50 करोड़ रुपए देने चाहिए और वहां जल्दी से जल्दी काम होना चाहिए।...â€¦(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I know Shri Ananth Kumar has prompted you. I have seen it. From the Chair, I cannot compel the Government to give you reply.

श्री बसनगौडा रामनगौड (यत्नाल) पाटिल : इस बारे में मंत्री जी का उत्तर आ जाए तो अच्छा होगा।

MR. DEPUTY-SPEAKER: If the hon. Railway Minister wants to react, I have no objection to it.